# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 09.05.2025 समय : 1850

<><><><><><><>

- भारतीय सशस्त्र बलों ने हर पाकिस्तानी हमले को नाकाम किया–जनहानि की कोई सूचना नहीं मिली है।
- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंगलुटान में एक नवनिर्मित उप–केंद्र का आज उद्घाटन किया गया।
- होटिलियर एसोसिएशन ने सीमा पर जारी तनाव के चलते यात्रियों के लिए राहत भरे कदम उठाने का फैसला किया है।
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स में द्वीपसमूह से तीन एथलीट आज पटना के लिए रवाना हुए।

<><><><><><><>

भारतीय सशस्त्र बलों ने कल रात पाकिस्तान द्वारा उत्तरी तथा पश्चिमी शहरों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन और मिसाइलों से किये गए सभी हमलों को विफल कर दिया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, पाकिस्तान ने जम्मू, पठानकोट और उधमपुर तथा अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास के कई स्थानों और सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया था, हालांकि भारतीय सशस्त्र बलों ने हर पाकिस्तानी हमले को नाकाम कर दिया। इस दौरान जनहानि की कोई सूचना नहीं मिली है।

इस बीच, सीमा सुरक्षा बल ने जम्मू और कश्मीर के सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ के बड़े प्रयास को विफल करते हुए कम से कम सात आतंकवादियों को

ढेर कर दिया है। चौकी पर पाकिस्तान की तरफ गोलीबारी की जाती रही। सीमा सुरक्षा बल के सतर्क सैनिकों ने पाकिस्तान के हर प्रयास को विफल किया।

<><><><><><>

ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने की दिशा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंगलुटान में एक नवनिर्मित उप–केंद्र का आज उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव डॉ. अनिल अग्रवाल, मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि इस उप–केंद्र का उद्देश्य सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता और प्रारंभिक हस्तक्षेप को बढ़ावा देकर सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है, उन्होंने लोगों से इस सेवा का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सुजा एंटनी, डॉ. सिद्धाराजू, सहित अन्य आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे। डॉ एनी दास ने लोगों को इस उपकेन्द्र से मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओ के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर पर्यावरण और स्थायी स्वास्थ्य सेवा के प्रति एक प्रतीकात्मक संकेत के रूप में कार्यक्रम का समापन वृक्षारोपण अभियान के साथ हुआ।

<><><><><><>

विद्युत विभाग द्वारा आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते श्री विजयपुरम के कई क्षेत्रों में कल बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कटौती सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक की जाएगी। प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत भवन, बिजली मुख्यालय, नगरपालिका ऑडोटोरियम, अण्डमान लोक निर्माण विभाग, सचिवालय, कोर्ट कॉम्पलैक्स, राजनिवास और गांधीपार्क क्षेत्र शामिल है।

<><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रशिक्षक इलेक्ट्रिकल पद के लिए पन्द्रह मई और बाईस मई की लिखित परीक्षा और कौशल परीक्षण प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दिया गया है। इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित करने की नई तिथि पुनः घोषित की जाएगी।

<><><><><><><><><><>

द्वीपसमूह के होटिलियर एसोसिएशन ने सीमा पर जारी तनाव और इसके चलते यात्रा प्रतिबंधों के बीच यात्रियों के लिए राहत भरे कदम उठाने का फैसला किया है। एसोसिएशन ने बताया कि केन्द्र सरकार ने कर्मचारियों, अर्धसैनिक बलों के जवानों और अन्य अधिकारियों की छुट्टियां रद्द होने और कई उड़ानों के स्थगित होने के चलते यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में एसोसिएशन के सभी सदस्य होटल तत्काल प्रभाव से पर्यटकों को पूरी रकम की वापसी या मुफ्त रि–शडेलयूलिंग की सुविधा देंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि इस सामूहिक निर्णय का उद्देश्य यात्रियों की मुश्किले कम करना और यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें कठिन समय में सहयोग और समर्थन मिले। इसके साथ ही एसोसिएशन ने अन्य होटलों और अन्य संस्थानों से भी इन राहत उपायों को अपनाने को कहा हैं।

<><><><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला परिषद के सभी निर्वाचित सदस्यों की एक विशेष बैठक कल सुबह दस बजे जिला परिषद के सम्मेलन हॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता दक्षिण अंडमान के ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने की। इस मौके पर गुप्तापाड़ा निर्वाचन क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य प्रकाश अधिकारी को दक्षिण अंडमान जिला परिषद का नया अध्यक्ष चुना गया। इसी प्रकार बिड़नाबाद निर्वाचन क्षेत्र से

जिला परिषद सदस्य बूमीनाथन को दक्षिण अंडमान जिला परिषद का नया उप–अध्यक्ष चुना गया। ज़िला उपायुक्त ने नव–निर्वाचित अध्यक्ष और उप–अध्यक्ष को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपे। अध्यक्ष और उप–अध्यक्ष को पद की शपथ ग्यारह मई को शाम तीन बजे जिला परिषद के सम्मेलन हॉल में दिलाई जाएगी।

<><><><><><><>

नागरिक–केन्द्रित शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कल डिगलीपुर में एक दिवसीय राजस्व न्यायालय शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर मध्योत्तर अंडमान की ज़िला उपायुक्त, नंदिनी महाराज और डिगलीपुर के सहायक आयुक्त कमलेश्वर राव उपस्थित थे। उन्होंने लंबे समय से लंबित राजस्व मामलों के समाधान, मौजूदा बैकलॉग को कम करने और नागरिकों के लिए जीवन की बेहतर गुणवत्ता को बढ़ावा देने के उद्देश्यों पर चर्चा की। शिविर का उद्देश्य राजस्व प्रशासन ढांचे के भीतर मामलों का त्वरित समाधान करना था। कार्यवाही के दौरान, लंबे समय से लंबित उप–विभाजन मामलों के समाधान पर विशेष ध्यान दिया गया, जिसमें 2017 से लंबित मामले, साथ ही उत्परिवर्तन और नाम सुधार के मुद्दे शामिल थे। इस शिविर में तीन सौ से अधिक लोगों ने भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए, उपायुक्त ने कहा, "हमारा लक्ष्य सेवाओं की कुशल डिलीवरी सुनिश्चित करना और राजस्व प्रशासन में जनता के विश्वास को मजबूत करना है।

<><><><><><><>

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में द्वीपसमह की एथलेटिक टीम भाग ले रही है। जिसमें द्वीपसमूह से तीन एथलीट और दो अधिकारी आज पटना के लिए रवाना हुए। बारह मई से चौदह मई तक चलने वाले इस खेल में इस वर्ष वाइल्ड कार्ड इंट्री के माध्यम

से इन तीन एथलिटों को चुना गया है। इस अवसर पर खेल निदेशक विक्रम सिंह ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया ।

<><><><><><><>

खेल विभाग द्वारा पुरुष एवं महिलाओं के लिए ''वॉलीबॉल टूर्नामेंट'' का फाइनल मैच कल शाम पांच बजे नेताजी स्टेडियम में खेला गया, जिसमें पुरूष वर्ग में बेदोरी क्लब ने अण्डमान निकोबार पुलिस को पराजित किया। वहीं महिला वर्ग में चौरा एवं तेरेसा ने जेनेसिस XII को शिकास्त दी। इस अवसर पर परिवहन निदेशक जतिंदर सोहल मुख्य अतिथि और खेल निदेशक विक्रम सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की अध्यक्षता की।

<><><><><><><>

अण्डमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स ने भारत पर्यटन के सहयोग से शहीद द्वीप के लक्ष्मणपुर बीच पर 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। इस अवसर पर भारत पर्यटन के सहायक निदेशक एन. वेलमुरुगन, ऑटों के अध्यक्ष एम. विनोद, शहीद द्वीप की प्रधान पिंकी दास और पी आर आई सदस्यों, ने भाग लिया। कार्यक्रम में पर्यटकों को पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिससे द्वीप की पारिस्थितिकी को संरक्षित करने में उनकी भूमिका को बल मिला और साथ ही मातृत्व की भावना को भी श्रद्धांजलि दी गई – जो अभियान का मुख्य संदेश है। सहायक निदेशक एन. वेलमुरुगन ने 'एक पेड़ माँ के नाम' के पीछे के दृष्टिकोण के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी, जिसमें पर्यावरण की जिम्मेदारी और सामुदायिक भागीदारी पर जोर दिया गया। पौधारोपण अभियान प्रकृ

ति की रक्षा करने और अंडमान द्वीप समूह में हरियाली और स्वच्छ पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के सामूहिक संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

<><><><><><><>